मुल्य रु। ५-००
सलंग अंक ७६ अगस्त २०१३

श्री स्वामिनारायण

मासिक
प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख

गुरुपूर्णिमा प्रसंग पर
अहमदावाद मंदिर में प.पू. लालजी महाराजश्री के गुरु पूजन
एवं मूली मंदिर में सभा में आशीर्वचन देते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

(१) झूलासन मंदिर में ठाकुरजी का अभिषेक करते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(२) वडनगर मंदिर में पाटोत्सव प्रसंग में श्री घनश्याम महाराज का अभिषेक करते हुए प.पू. महाराजश्री ।(३) भराडा (मूलीदेश) भाइयों के मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा करते हुए प.पू. महाराजश्री ।(४-५-६) श्री स्वामिनारायण मंदिर मोटप के शतवार्षिक पाटोत्सव प्रसंग पर आशीर्वाद देते हुए तथा विष्णुयाग की आरती उतारते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री के साथ में लाभ लेते हुए प.भ. जी.के. पटेल तथा कथा श्रवण कराते हुए शास्त्री पी.पी. स्वामी ।(७) कुजाड गाँव में महापूजा की आरती उतारते हुए प.पू. महाराजश्री ।(८) सायरा मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर यज्ञ में श्रीफल का होम करते हुए प.पू. महाराजश्री ।(९) मोडासा नूतन शिखरी मंदिर के खात मुहूर्त प्रसंग पर आशीर्वाद देते हुए प.पू. महाराजश्री ।(१०) अयोध्या मंदिर में ९९ वें पाटोत्सव प्रसंग पर ठाकुरजी का अभिषेक करते हुए तथा नूतन ''धर्मभक्ति यात्री निवास'' का उद्घाटन करते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री साथ में महंत देव स्वामी ।(११) छपैया गौघाट तीर्थ में प.भ. नंदूभाई पटेल तथा प.भ. भगवानभाई द्वारा हुये जीर्णोद्धार के काम का वरसात में निरीक्षण करते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री ।

॥ अस्मदीयम् ॥

परमकृपालु परमात्मा सर्वोपरी श्री स्वामिनारायण भगवान खूब दया के सागर है । प्रत्येक जीव का भगवान खूब ध्यान रखते हैं । पूरे भारत देश में खूब उत्तम बरसात हुआ है । बहुत सारे बांधभर गये । सरोवर भर गये हैं । खेती के लिये बरसात अच्छा माना जाता है । वर्तमान में चातुर्मास चल रहा है । श्रीहरि के आश्रित हरिभक्तों ने नियम लिया होगा । शास्त्र का पठन, कथा श्रवण, भगवान की प्रदक्षिणा, दंडवत, पंचामृत स्नान द्वारा भगवान की पूजा भगवान का महामंत्र जप, स्तोत्रपाठ, इत्यादि आठ नियम में से कोई एक नियम का कड़काई से पालन करना ।

इस शरीर से जितनी हो सके उतनी भगवान की भजन करनी चाहिए । इसी में अपना कल्याण है ।

वर्तमान में विदेश के अपने मंदिरो में उत्सव का क्रम चल रहा है । विदेश में रहने वाले हरिभक्तों के घर उत्सव का माहौल है । वर्तमान में लंडन विल्सडन श्री स्वामिनारायण मंदिर में श्री घनश्याम महाराज का रजत जयंती पाटोत्सव समस्त धर्मकुल की उपस्थिति में तथा भुज एवं अहमदाबाद मंदिर के संतो की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया था । कच्छ के लंडन में रहने वाले हरिभक्तों ने कथाश्रवण, देवदर्शन, तथा धर्मकुल का दर्शन करके संतो की अमृतवाणी का लाभ लिये थे । इसी तरह अमेरिका में चेरीहील तथा कोलोनिया मंदिर तथा शिकागों श्री स्वामिनारायण मंदिर का १५ वाँ पाटोत्सव, प.पू. आचार्य महाराजश्री, प.पू. बड़े महाराजश्री, प.पू. लालजी महाराजश्री, प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी, प.पू.अ.सौ. बड़ी गादीवालाजी, प.पू. श्रीराजा के सांनिध्य में धूमधाम से मनाया गया था । ऐसे उत्सव को जीवन में उतारा जाय तो निश्चित ही उस जीव का कल्याण अवश्य होगा ।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा (जुलाई-२०१३)

४ श्री स्वामिनारायण मंदिर वडनगर पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

६ प.भ. गोपालभाई पटेल के यहाँ महापूजा प्रसंग पर पदार्पण, सिंगरवा।

१०-११ केरा (कच्छ) पदार्पण।

१४ मोडासा श्री स्वामिनारायण मंदिर के खात मुहूर्त प्रसंग पर पदार्पण।

१८ जुलाई से ६ अगस्त - श्री स्वामिनारायण मंदिर विल्सडनलेन लंडन - बाल स्वरुप घनश्याम महाराज का रजत जयंति महोत्सव अमेरिका में श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया तथा चेरीहिल पाटोत्सव प्रसंग पर एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर शिकागो के १५ वें पाटोत्सव प्रसंग पर तथा सत्संग के प्रचारार्थ विचरण।



प.पू. भावि आचार्य १०८ श्री वज्रेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा (जुलाई-२०१३)

२२ जुलाई से १२ अगस्त - श्री स्वामिनारायण मंदिर विल्सडनलेन लंडन - बाल स्वरुप घनश्याम महाराज का रजत जयंति महोत्सव अमेरिका में श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया तथा चेरीहिल पाटोत्सव प्रसंग पर एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर शिकागो के १५ वें पाटोत्सव प्रसंग पर तथा सत्संग के प्रचारार्थ विचरण।

यज्ञोपवीत

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुर धाम)

वेदो में सोलह संस्कार की विधिबताई गयी है । जिस में अत्यन्त महत्व का यज्ञोपवीत संस्कार कहा गया है । यज्ञोपवीत संस्कार को जनेॐ, व्रतबन्ध, उपनयन, यज्ञसूत्र, सवितासूत्र ब्रह्मसूत्र इत्यादिनामों से वर्णन किया गया है । वर्णाश्रम धर्म के अनुसार तीन वर्ण को यज्ञोपवीत का अधिकार दिया गया है । गर्भधारण से आठवे वर्ष में ब्राह्मण का यज्ञोपवीत होना चाहिए, जिस में विष्णु का वचन है कि - धन की इच्छा वाला ६ठ्ठे वर्ष विद्या की इच्छावाला सातवें वर्ष समस्त कामनाओं की पूर्ति के लिये आठवें वर्ष, शक्ति तथा बल की इच्छावाला नवमें वर्ष यज्ञोपवीत धारण करें । निर्णय सिन्धु में कहा गया है कि आपत्काल में ब्राह्मण सोलह वर्ष तक यज्ञोपवीत धारण करें, इसी तरह क्षत्रिय बाइस वर्ष तक वैश्य चौवीस वर्ष तक यज्ञोपवीत धारण करें । इसके बाद गायत्री के अतिवर्तन का दोष लगता है । यज्ञोपवीत का समय ब्राह्मणो के लिये वसंतऋतु संस्कार के लिये श्रेष्ठहै।

उसमें भी ब्राह्मणों का जन्म नक्षत्र, मास, तिथि, दिन निषिद्ध है । चन्द्र नक्षत्र में हस्त, चित्रा, स्वाति, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, ज्येष्ठा, मृगशीर्ष, पुष्य, अश्विनी, रेवती उत्तम बताई गयी है । बुध, गुरु, शुक्र दिन उत्तम है, रवि मध्यम है, सोम कनिष्ठ है । यज्ञोपवित संस्कार के द्वारा वेदाध्ययन, यज्ञादिकर्म, होमात्मक कर्म इत्यादि कर्म करने का अधिकार मिलता है।

यज्ञोपवित दीक्षा देने का प्रथम अधिकार पिता का, उनके अभाव में पितामह का, उनके अभाव में काका का उनके अभाव में सोदरभाई का उनके अभाव में सगोत्री का भी अधिकार बताया गया है।

उपनयन अर्थात् उप के साथ नयन अर्थात् लेकर जाना परब्रह्म के साथ संस्कार के उपनयन संस्कार कहते हैं।

यज्ञोपवित में मुख्य तीन धागे होते हैं । एक धागे में तीन तंतु इस प्रकार कुल नौ तंतु की यज्ञोपवित बनती है । इस तीन तंतु में नोदेवो का आह्वाहन स्थापन पूजन होता है । अनुक्रम में ॐकार, अग्नि, नाग, सोम (चंद्र), इन्द्र, प्रजापति, वायु, सूर्य विश्वदेव (पितृओ के अधिष्ठाता) इस प्रकार कुल नौ देवों का निवास होता है । ग्रन्थी (गांठ) में ब्रह्मा, विष्णु, शिव का आवाहन पूजन किया जाता है । इस प्रकार कुल १२ पर्वों का निवास यज्ञोपवित में होता है । इसीलिए उनकी मर्यादा उपरोक्त देवो को ध्यान में रखकर करनी चाहिए । यज्ञोपवित बदलने के समय देवो का आवाहन पूजन करके १० वार गायत्री मंत्र जप करके यज्ञोवीत धारण करना चाहिए ।

यज्ञोपवीत प्रतिवर्ष श्रावणी के दिन बदलनी चाहिए । चारो वेदो की अलग-अलग श्रावणी आती है । श्रावण की पूर्णिमा को यजुर्वेदी, अथर्ववेदी ब्राह्मणों को यज्ञोपवीत बदलनी चाहिए । सामवेदी ब्राह्मों की यज्ञोपवीत भाद्रपद की श्रावणी को बदर्ली चाहिए । इसके अलावां प्रतिचार महीने में यज्ञोपवीत बदलनी चाहिए । इसके अलावां स्मशान में जाने के बाद, शब के स्पर्श के बाद, रजस्वला के स्पर्श में, प्रसूता के स्पर्श में, जन्ममरण के सूतक में सूर्य-चन्द्र के ग्रहण में, यज्ञोपवीत टूट जाने में, एसे समय में यज्ञोपवीत जबतक न बदली जाय तब तक मौन रहना चाहिए । जीर्ण यज्ञोपवीत के जो देवता है उनका विसर्जन करके यज्ञोपवीत को जल में प्रवाहित करे या किसी वृक्ष पर लटका दे ।

ब्रह्मचारी तीन धागा की एक यज्ञोपवीत धारण करे । उत्तरी वस्त्र के अभाव में दो यज्ञोपवीत धारण

करना चाहिए । गृहस्थाश्रमी दो यज्ञोपवीत धारण करे उत्तरीय के अभाव में तीन यज्ञोपवीत धारण करे । यज्ञोपवीत की लम्बाई के विषय में निर्णय सिन्धु में कहा है कि नाभी पर्यन्त लम्बाई रखनी चाहिए। नाभि से नीचे या ऊपर तक रखने वाला दोष भाग होता है। याद रखना चाहिये कि नीचे नही होनी चाहिए। वशिष्ठ ऋषि ने कहा है कि नाभि से नीचे वाली यज्ञोपवीत आयुष्य क्षय करती है । नाभि से ऊपर तक की यज्ञोपवीत तप का नाश कतरी है । यज्ञोपवीत के विना भोजन या मल मूत्र त्याग करने वाले को आठ हजार गायत्री का जप करना जाहिए । यज्ञोपवीत में स्थित देवताओं की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए । यज्ञोपवीत में चाभी बांधना या अन्य कोई वस्तु बांधना मर्यादा का उल्लंघन है । मलमूत्र त्याग के समय यज्ञोपवीत को दाहिने कान पर धारण करना चाहिए । पवित्र होकर कान से उतारकर यज्ञोपवीत को प्रणाम करना चाहिए । त्रिकाल संध्या तथा पूजा कर्म के प्रारंभ में यज्ञोपवीत का स्पर्श करके वंदन करना चाहिए । यज्ञोपवीत धारण करने से बल, बुद्धि, आयुष्य तथा सम्पति की वृद्धि होती है। साथ में परमपद की प्राप्ति होती है । यज्ञोपवीत संस्कार से द्विज बनते है । अर्थात् दूसरा जन्म कहा जायेगा । पूर्व जन्म जन्मान्तर का प्रायश्चित तथा इस जन्म के कर्म करने का अधिकार मिलता है । यज्ञोपवीत कपास के सूत से बनी होनी चाहिए । आजकल पोलिस्टर, पोलीथीन इत्यादि अनेक रासायनिक पदार्थो में से बनाई जाती है । जिस तरह पत्थर में भगवान नहीं होते लेकिन उसी पत्थर को मूर्तिरुप देने से तथा प्राणप्रतिष्ठा करने से वही पत्थर पूजने के योग्य हो जाता है। मात्र धागा पहनने से कुछ भी नहीं होता। उस यज्ञोपवीत में १२ देवताओं का आवाहन स्थापन करने से ब्रह्मसूत्र हो जाती है।

आवाहन करने की विधि: अक्षत के ऊपर या वस्त्र पर यज्ञोपवीत रखकर अधोनिर्दिष्ट मंत्र बोलकर अक्षत चढाना चाहिए।

प्रथमतन्तौ ॐ ओंकारमावाहयामि । द्वितीय तन्तौ ॐ अग्निमावाहयामि । तृतीय तन्तौ ॐ सवितारमा वाहयामि । चतुर्थ तन्तौ ॐ सोममावाहयामि । पञ्चम तन्तौ ॐ पितृना वाहयामि । षष्ठम तन्तौ ॐ प्रजापतिमवाहयामि । सप्तम् तन्तौ ॐ अनिलमावाहायामि । अष्टम तन्तौ ॐ सूर्यमावाहयामि । नवम तन्तौ ॐ विश्वान् देवानावाहयामि । प्रथम ग्रन्थौ ॐ ब्रह्मणेनमः ब्रह्माणमावाहायामि । द्रितीय ग्रन्थो ॐ विष्णवेनमः विष्णुमावाहयामि । तृतीय ग्रन्थौ ॐ रुद्रायनमः रुद्रमावाहयामि।

इति मंत्रेण देवाः यथास्थानं न्यसामि।

ॐ यज्ञोपवितं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्रयं प्रतिमुञ्य शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥

यह मंत्र बोलकर यज्ञोपवीत धारण करे।

जीर्ण यज्ञोपवीत के विसर्जन की विधि

एतावद्दिन पर्यन्तं ब्रह्मत्वं धारितं मया।
जीर्णत्वात् त्वत्परित्यागो गच्छ सूत्र यथा सुखम्॥

मलमूत्र त्याग के समय यज्ञोपवीत कान पर धारण करने का रहस्य १२ देवताओं को धारण करने की वात है । इसलिये १२ देवताओं के दोष का भागीदार नहीं बनता जो मल-मूत्र त्याग के समय कान पर जनोई धारण करता है।

श्री नरनारायणदेव धार्मिक परीक्षा के सन्दर्भ में

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा प.पू. भावि आचार्य महाराजश्री की प्रेरणा से अमदावाद श्री नरनारायणदेव धार्मिक परीक्षा विभाग द्वारा आगामी परीक्षा २२-१२-२०१३ रविवार को यथास्थान केन्द्रो पर ली जायेगी । चालू वर्ष में बाल सत्संग तथा किशोर सत्संग इस तरह दो विभाग का नूतन अभ्यास क्रम के अनुसार परीक्षा होगी । परीक्षा में भाग लेने वालों की नामावली संचालक ३०-१०-१३ तक नीचे के पते पर प्रेषित करें।

श्री नरनारायणदेव धार्मिक शिक्षण विभाग
श्री स्वामिनारायण मंदिर,
कालुपुर, अमदावाद-३८०००१

अयोध्या मंदिर में प.पू. बड़े महाराजश्री के वरद् हाथों से धर्मभक्ति यात्रिनिवास का उद्घाटन एवं ठाकुरजी का ९९ वाँ वार्षिक पाटोत्सव

संकलन : शास्त्री स्वामी नारायणवल्लभदासजी (वडनगर महंत)

बाल स्वरुप घनश्याम महाराज के चरण कमल से पवित्र तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में बिराजमान श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज का ९९ वाँ वार्षिक पाटोत्सव तथा नूतन-भव्य ''यात्रिक निवास'' का उद्घाटन श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति की आज्ञा से अयोध्या मंदिर के महंत स्वा. स.गु. देवप्रकाशदासजी गुरु स.गु. स्वामी जगतप्रकाशदासजीने सुंदर आयोजन करके आषाढ शुक्ल-४ ता. १२-७-१३ को अयोध्या मंदिर में बिराजमान श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज का वैदिक विधिसे प.पू. बड़े महाराजश्री के हाथों अभिषेक किया गया था । इसके बाद ''श्री धर्मभक्ति यात्रि निवास'' का मंगल उद्घाटन भी आषाढ शुक्ल-२ रथयात्रा के दिन प्रात: ८-३० बजे किया गया था, जिस में बड़ी संख्या में संत-हरिभक्त उपस्थित थे । इस प्रसंग पर ''श्री घनश्याम बालचरित्र'' की त्रिदिनात्मक कथा १०-७-१२ से १२-७-१३ तक की गयी थी । जिसके वक्ता शा. घनश्यामप्रकाशदासजी (माणसा) थे । प.पू. बड़े महाराजश्री ने ग्रंथ का तथा वक्ता का पूजन करके कथा का मगंल प्रारंभ करवाया था । इस प्रसंग पर महंत स्वामी देवप्रसाददासजी के गुरुजी, स्वा. आत्मप्रकाशदासजी छपैया के महंत स्वामी, वडनगर के महंत स्वामीने नवनिर्मित निवास की सुविधाओ की प्रशंसा के साथ अयोध्या के महंत स्वामी की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी ।

इस कथा के प्रथम दिन के यजमान श्री कांतिभाई मावजीभाई विशराम खीमाणी परिवार बोल्टन (यु.के.) तथा सहयजमान श्री कांतिभाई केशरा भुडिया, तथा प.भ. सां.यो. शांताबा पाटणी तथा सा.यो. गीताबा विरमगाँव, सां.यो. रंजनबा, सां.यो. आनंदीबा तथा पाटोत्सव के यजमान ठक्कर बाबूलाल केशवलाल पाटडी की तरफ से प.भ. श्री करशनभाई राधवाणीने प.पू. बड़े महाराजश्री का पूजन अर्चन किया था । इस प्रसंग पर अमदावाद से पधारे हुये संदीपभाई चौकसी, भार्गव डी. पटेल, नरेशभाई भावसार, राजूभाई जादव, मुकेशबाई परमार, मुकेशभाई पटेल, राजेशभाई, धर्मेन्द्रभाई पटेल, प्रफुलभाई खरसाणी, जतीनभाई पटेल, हरगोवनभाई नारायणपुरा, दीपकभाई सोनी, मूलजी भगत, निलेश खरसाणी, रोहित पटेल तथा भावेश पटेल इत्यादि लोगों ने प.पू. बड़े महाराजश्री का पूजन किया था तथा मंदिर के सेवा में भाग लिये थे ।

प.पू. बड़े महाराजश्री ने अद्यतन निवास को देखकर खूब प्रसन्न हुए थे । महंत स्वामी को हार्दिक आशीर्वाद भी दिये थे । ता. १२-७-१३ को कथा की पूर्णाहुति के बाद पाटोत्सव के यजमान प.भ. ठक्कर बाबूलाल परिवार तथा प.भ. करशनभाई ने प.पू. बड़े महाराजश्री का पूजन अर्चन करके आशीर्वाद प्राप्त किया था । स्वामी देवप्रसाददासजी को प.पू. महाराज प्रसन्नता का हार पहनाकर धोती ओढाये थे । स.गु. महंत आत्मप्रकाशदासजी तथा छपैया के महंत स्वामी का भी साल ओढाकर सम्मान किया गया था । सभा में स्वा.

जगतप्रकाशदासजीने तथा आत्मप्रकाशदासजीने महंत वासुदेवानंदजी एवं महंत नारायणवल्लभदासजी, स्वामी विश्ववल्लभदासजी इत्यादि संत अद्यतन सुविधाओं से युक्त यात्रिकों के रहने की व्यवस्था देखकर खूब प्रसन्नता व्यक्त किये थे, यजमानो की खूब प्रशंसा किये थे।

अंत में प.पू. बड़े महाराजश्री ने अपनी अमृतवाणी द्वारा शुभाशीर्वाद में बताया कि, हमें यहाँ आने का खूब आनंद हुआ है। पहले इस मंदिर की स्थिति अच्छी नहीं थी। छपैया मंदिर से सामान आता था। जिससे यहाँ का निर्वाह होता था। आज इसकी प्रगति देखकर खूब आनंद हुआ है, ऐसी देखभाल सदा महंत स्वामी करते रहें ऐसी आज्ञा हम देते हैं। आज की मांग अच्छी सुविधा के लिये है। सभी के सहयोग से यहाँ के मंदिर के महंत स्वामी देवप्रकाशदासजी निर्माण कार्य किया है। वे प्रसंशनीय कार्य किये है, उन्हें धन्यवाद देता हूँ। इसके साथ श्रीहरि जिस स्थान पर बैठकर कथा सुनते थे, वहाँ पर बैठकर हमने भी कथा श्रवण की है, जिसका हमें खूब आनंद है।

अन्त में करशनभाई राधवाणी तथा कथा के यजमान की प्रसंशा किये थे। आभार विधिमूली के पार्षद भरत भगतने किया था। अयोध्या मंदिर के सेवक भूपत भगत, सुष्ठकत भगत, और संदेश प्रसाद तिवारी, हितेश भगत, मूलजी भगतने खूब सेवा की थी। सभा संचालन वडनगर मंदिर के महंत स्वा. नारायणवल्लभदासजीने किया था। इस प्रसंग पर अनेकों धाम से संत-महंत पधारे हुए थे। अमदावाद से ब्र. राजेश्वरानंदजी तथा योगेश्वरदासजी तथा पार्षद बाबू भगत इस प्रसंग पर पधारे हुए थे।

इस प्रसंग पर प.पू. बड़े महाराजश्री आगामी अयोध्या मंदिर का १०० वाँ शताब्दी महोत्सव धूमधाम से संपन्न हो ऐसी महंत स्वामी को प्रेरणा दिये थे। इस अवसर पर प.पू. बड़े महाराजश्री अयोध्या मंदिर में प्रत्यक्ष गौ का दान देकर भगवान को उस गाय के दूधका भोग लगे ऐसा कहा था और गौ पूजन किया था।

स.गु. गोपालानंद स्वामी की प्रागट्य भूमि टोरडा में आषाढी को तोलमाप में कम-वेसी

स.गु. गोपालानंद स्वामी की प्रागट्य की भूमि श्री स्वामिनारायण मंदिर में श्री गोपाललालजी हरिकृष्ण महाराज की उपस्थिति में टोरडा में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आषाढी के दिन तोल माप हुआ था।

१. बाजरी - बाजरी का ४ कण अधिक।
२. मकाई बाजरी का ५० कण कम।
३. मग - बाजरी का ७ कण अधिक।
४. कपास बाजरी का ६ कण अधिक।
५. लाल माटी - बराबर।
६. काली माटी बाजरी का ६ कण कम।
७. चना बाजरी का २५ कम अधिक।
८. अडद बाजरी का १ कण अधिक।
९. डांगर बाजरी का ६ कण अधिक।
१०. रस कस बाजरी का १६ कण अधिक।
११. गेहूँ-बाजरी का ११ कण अधिक।

यहाँ के महंत स्वामी के बताये अनुसार आषाढी को माप-तोल की परंपरा ७० वर्ष से चल रही है। जिस में गाँव के सत्संगी अपने अनाज को लेकर आते हैं। भगवान के समक्ष रखा जाता है। सभी के सामने तोला जाता है। यहाँ माप कि. ग्रा. में नही बल्कि कण के आधार से तोला जाता है। इस तोल के आधार पर किसान अपनी दिशा निश्चित करके वहाँ पर बीज तोले है। इस तोल कार्य में हमंत स्वामी तथा संत पार्षद, हरिभक्त उपस्थित थे।

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

श्री नरनारायण के चरणकमल समीप शुभस्थान शहर अमदावाद से लिखावित आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराज हरिकृष्ण महाराज स्वस्ति श्री इडरगढ महाशुभ स्थान स्थित मो. ब्राह्मण प्रतिपालक धर्मधुरंधर गांभीर्यवीर्य सत्यप्रतिज्ञापालक चतुर्दश विद्याप्रवीण नीतिशास्त्रो का सामदान विधिभेद निग्रहाद्युपाययुक्त अष्टादश राजव्यवहारादि राजनीति विचक्षण वेद वेदांग अष्टादश पुराण धर्मशास्त्र रहस्यदान युक्त हिंसा रहित वेदधर्मप्रर्तक हरिजन मुकुटमणि अनेक संसारी जीवो द्धारार्थ कृतावतार श्रीप्रत्पक्ष पुरुषोत्तम श्रीहरिकृष्णोपासना परायणांतः करणेषु श्रीश्रीश्रीश्रीश्रीश्री ६ महाराजश्री जवानसिंहजी नरदेवेषु अस्मत् चतुर्वेदोक्त जय स्वामिनारायण पूर्वका आशिषां राशयः समुल्ल संतु शपत्र भवदीयं कुशलमनुं दिनमेधसामानयाशास्यहे बीजुं लखवाकारण ए छे जे अत्रे श्रीजी महाराजना प्रतापथी क्षेमकुशल छे तमारी क्षेमकुशलता ना पत्र हमणां ना आव्या नथी माटे संभारीने लखवाने महानुभावानंद स्वामी कपडवन्ज में छे तथा मूली में सर्वे साधु सुखशाता वर्ते छे बीजुं भूमानंद स्वामि आदि साधु मंडल समस्त तथा देवानंद स्वामि आदि ब्रह्मचारी मंडल समस्तने अमारा जयश्री स्वामिनारायण केज्यो । बीजु काम काज लखज्यो जोतुं करतुं मंगावजो ।

सम्वत १९०३ आषाढ शुक्ल एकादशी के दिन लखो छे । साधु निर्गुणदासजी का जयश्री स्वामिनारायण वंचाववा तथा भूमानंद स्वामि आदिक सर्वे साधुने मारा जय स्वामिनारायण केवरावावा ।

आदि आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री द्वारा लिखाये गये इस पत्र को सभी के दर्शनार्थे श्री स्वामिनारायण म्युजियम हाल नं. ११ में रखा गया है । सभी भक्तगण दर्शन का लाभ अवश्य ले ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियममें भाद्रपद-४ को गणेश चतुर्थी का उत्सव मनाया जायेगा

गणपति पूजन के लिये यजमानपद हेतु ११००/- भरकर लाभ लिया जा सकता है । स्थान कम है इसलिये जो पहले वह पहले इसका ध्यान रखकर नाम लिखवाये ।

मो. : ९९२५०४२६८६ - लेन्ड लाईन : ०७९-२७४८४५९९

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि जुलाई-२०१३

रु.९४,९२०/-	श्री स्वामिनारायण मंदिर जेतलपुरधाम।
रु.६०,०००/-	महेशभाई एस. पटेल (लालोडावाला) २०१३ जुलाई से २०१४ तक प्रति महीने ५००/- के हिसाब से।
रु.२५,०००/-	कानजी वालजी वेकरीया (कच्छ)
रु.२५,०००/-	जगदीशभाई के. दरजी (बोपल) प्रतिमास १०००/- के हिसाब से १५ महिने तक।
रु.११,०००/-	विकल्पभाई धीरजभाई (अमदावाद) जन्म दिन निमित्त
रु.११,०००/-	दिनेशभाई कांतिभाई पटेल - नूतन बंगला में महापूजा हेतु।
रु.११,०००/-	विकल्पभाई धीरजभाई।
रु.५,०००/-	मीनाबहन के. जोषी (बोपल) (घनश्याम इन्जिनियरिंग)
रु.२,४५,०००/-	अ.नि. गजानंदभाई जादव परिवार वती राजूभाई गजानंद जादव हो लनं. ८ में श्रीजी महाराज के हस्ताक्षर की फ्रेम तथा उसमे डायमंड लगवाने की सेवा करवाये।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति के अभिषेक की नामावलि (जुलाई-२०१३)

ता. १२-७-१३ को अ.नि. भानुभाई नानजीभाई पटेल (अमदावाद) कृते चंपाबहन, सुखदेव, वासुदेव।

ता. १३-७-१३ सत्संग समाज बिलिया सिध्धपुर कृते चन्द्रप्रकाश स्वामी।

ता. १४-७-१३ प्रातः देवर्षिभाई मुकेशभाई ठक्कर (यु.एस.ए.) कृते माधव स्वामी, हरिॐ स्वामी।

ता. १४-७-१३ सायंकाल छपैयाधाम बायर (यु.एस.ए.) कृते नवीनभाई, मनीषभाई

ता. १७-७-१३ देवेन्द्रभाई नरसिंहभाई कोडिया (बोपल) कृते शा.धर्मवल्लभदासजी तता ऋषिराज परीक्षित।

ता. ३०-७-१३ अ.नि. कानजीभाई भीमजीभाई राधवाणी (बलदिया-कच्छ) कृते करशनभाई के. राधवाणी।

केवल वोडाफोनवालों के लिये

प.पू. बड़े महाराजश्री के स्ववचनवाली कोलरट्युन मोबाईळ में डाउन लोड करने के लिये अधोनिर्दिष्ट करें।

मोबाईल में टाईप करें : **cf 270930** टाईप करें **56789**

नम्बर पर : **S.M.S.** करने से कोलरट्युन प्रारंभ होगा। नोंट : **cf** टाईप करने के बाद एक स्पेस छोड़कर

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा। महाभिषेक लिखवाने के लिए संपर्क कीजिए।

म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६

www.swaminarayanmuseum.org/com email:swaminarayanmuseum@gmail.com

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी
(गांधीनगर)

अपने इग्यारह नियम

(शास्त्री हरिप्रियदासजी, गांधीनगर)

"निर्विकल्प उत्तम अति निश्चय तब घनश्याम"

अपने देश के विदेश के हजारो मंदिरो में संध्या आरती प्रार्थना में नित्य गाया जाने वाला प्रेमानंद स्वामी द्वारा रचित पद, जिस में ११ नियम बताये गये है, उस में से विगत अंक में प्रकाशित किये गये जिन्हे आप सभी पढे होंगे, और अच्छा लगा होगा । अब उसके आगे का प्रस्तुत कर रहेहै।

"मांस न खावत मदय कुं पीवत नहि बड़ भाग्य ।
विधवा को स्पर्शत नहीं, करत न आत्मघात ॥"

तसीर नियम है : "मांस न खावत"

कितनी बार लोगों को शंका होती है, कितने हिन्दू तो इस विचार से अपरिचित रहते हैं । वे कभी मांस भक्षण नहीं करते । तो उन्हे इस नियम में क्यो समाविष्ट किया जाता है ? इस समय का वातावरण अलग है, प्रायः सभी को इसका ज्ञान हैं । प्रातः अनेक समाचार पत्रों में अंडे का प्रचार आता रहता है । कितने लोग संतो के पास इसका प्रश्न लेकर आते हैं ।अंडा किस में गिना जाय । लेकिन यह मांस ही है । इस में कोई शंका का स्थान नहीं है । इसका प्रश्न न करके मुर्गी से यह प्रश्न करना चाहिये कि तूं अंडे को क्या मानती है । कितने लोग अंडाको दूधके समान मानते है । यह उनकी भूल है ।जब गाय को दूहा जाता है । तब गाय को उसके दूधपर ममत्व नहीं होता । वह बड़े प्रेम से बर्तन भरकर लेजाने देती है । जब कि मुर्गी जब अंडा देती है तब उसके पास आप जाकर देखो, जितना संभव होगा उनता प्रतिकार करेगी । मुर्गी को ऐसा होता है कि यह मेरा बच्चा है । इससे यह प्रमाणित हो जाता है कि वह मांस ही है । उसमें जीव है । इसी लिये भगवान स्वामिनारायण ने युवा पीढी को जागरुक करने के लिये चेतावनी देते हुये कहा कि ''मांस न खावत'' यह तीसरा नियम है । किसी भी वस्तु में प्राणी के मांस का उपयोग किया गया हो तो उसका भी परित्याग करना चाहिये । स्वामिनारायण भगवान ने सत्संगिजीवन में उपरिचर वसु राजाकी बात की है । उनके पास इतना पुण्य था कि वे सदेह स्वर्गजासकते थे । लोक में कहावत है कि ''आप मूआ सिवाय स्वर्ग जाना सम्भव नहीं है । लेकिन वह मरे विना सशरीर स्वर्ग जाता था । इतना पुण्यशाली था देवता लोगो में तथा महर्षियों में एकबार चर्चा चल रही थी । जिस में मांस खाने पर विचार चल रहा था । उपरिचर तथा इन्द्र में मित्रता थी । इन्द्र को खराब न लगे इसलिये सत्यवचन कहने में संकोच कर रहे थे । यह भी सही, वह भी सही । उस तरह का उच्चारण कते ही पुण्यक्षय होने से धरती पर आ गिरे । स्वामिनारायण भगवानने तीसरे नीयम में सावधानी की बात की है – कि हमारे आश्रित किसी भी संयोग में मांस भक्षण न करें ।

चौथा नियम है : "मद्य को पीवत नहिं बड़ भाग्य"

इसका मतलब है कि मदिरा का पान भगवान के भक्तों को कभी नहीं करना चाहिये । कहीं कही कमनशावाली भी मदिरा मिलती है । लेकिन मदिरा तो मदिरा होती है । मनुष्य मदिरा पान के बाद इतना परेशान हो जाता है कि उतना परेशान तो यमपुरी में भी नहीं होगा । ऐसी जानकारी मिलती है कि मदिरापान

करने वाला कितना परेशान होता है । बिना मोत के मरजाता है। फिर भी इसकी आदत कोई छोड़ता नहीं है। इसी लिये अपने शास्त्र वारंबार कहते है कि ''मदिरा - मांस'' कभी नहीं खाना चाहिये।

पुराण में ऐसी कथा आती है कि देवता तथा दैत्य साथ मिलकर समुद्र मन्थन किये। जिस में से मदिरा भी निकली । मदिरा को असुरों ने ले लिया । देवता उसे स्वीकार नहीं किये । यह एक प्रमाण है कि मदिरा किसे अच्छी लगती है। किसे नहीं अच्छी लगती किसी को यह खराब लगेगा कि हम असुर है और वे देवता है । ऐसा नहीं, आप सज्जन है, लेकिन जब पी लेते है तो आप का स्वभाव असुर जैसा हो जाता है । यह वात विचारने लायक है इससे स्पष्ट होता है कि मदिरा सात्विक वृत्तिवाले को तामसवृत्ति में परिवर्तित कर देती है। आज लाको रुपये खर्च करके शराब बन्दी का निषेधकिया जाता है। लेकिन स्वामिनारायण भगवानने पहले से ही अनपे आश्रितो को देव जैसा जीवन जीने को बताया है।

यहाँ पर मद्य का विस्तार पूर्वक अर्थ ऐसा है कि किसी प्रकार के मादक द्रव्य का उपयोग नहीं करना चाहिए।

पांचवा नियम है : "विधवा को स्पर्शत नही"

विधवा स्त्री का स्पर्श नहीं करना चाहिये। इस में एक धर्म की मर्यादा है । ब्रह्मचर्य की शुद्धि होती है । आगे जीवन शुद्ध होता है।

शिक्षापत्री श्लोक १६४ में श्रीहरि की आज्ञा है कि विधवा स्त्री अपने सम्बन्धी के सिवाय अन्य का स्पर्श न करें । अपनी युवा अवस्था का ख्याल रखकर सगे सम्बन्धी के विना युवान पुरुष से कभी वात न करे।

इतनी वात का ध्यान रखने पर विधवा स्त्री अपने धर्म में रह सकती है। इसी लिये महाराज ने आज्ञा की है कि भगवान में पति की बुद्धी रखकर विधवा स्त्री प्रभु की सेवा करे । इससे उसका जीवन संमान के साथ बीत जायेगा। इस आज्ञा में उच्च भावना समाई हुई है। इग्यार प्रकार के नियम में ''विधवा को स्पर्शत नही'' यह पांचवां नियम है।

छठ्ठा नियम है : "करत न आत्मघात"

भगवान के भक्त कभी भी किसी संयोगमें आत्मघात् न करें। चाहे कितनी बड़ी आपत्ति आजाय, चाहे जितना भी खराब काम हो गया हो तो भी मानसिक उद्वेग में आकर कि अब हम किसी को क्या मुह दिखायेगे इसलिये आत्महत्या करलें, यह कभी नहीं करना चाहिये।

मानव छोटी छोटी बात में भी आत्महत्या कर लेता है। परीक्षा में अच्छा परिणाम न आने पर रेलवे के नीचे कूद जाता है। अरे भाई ! करोडो की कीमत की यह शरीर है, भगवान ने कृपा करके यह मानव शरीर दिया है। इसकी हत्या करलेना कितना उचित है । इससे बड़ा कोई पाप नहीं है। इसलिये कभी आत्मघात नहीं करना चाहिये।

संसार में ऐसी कहावत है कि ''तीर्थ में जाकर मरने से मोक्ष मिलता है । जिस में सर्वप्रथम स्थान काशीका है। काशी का मरना और सूरत का जिमना'' यह कहावत है। ऐसी अंधश्रध्धा से भी आत्मघात नहीं करना चाहिये । यदि ऐसा होता तो सभी पापी काशी करवत में जाकर अंतिम समय में करवत चलवालेते । सभी कैलासवासी हो जाय । भगवत् भजन-भक्ति कीर्तन स्मरण के विना जीव का कल्याण संभव नहीं है । इसलिये किसी भी संयोग में आत्मघात नहीं करना चाहिये।

(इग्यारह नियम में से ६ नियम हो गये - अवशिष्ट आगामी अंक में)

●

महाराज का बड़ा प्रताप

(साधु श्री रंगदास - गांधीनगर)

आज तो गोपालानंद स्वामी पत्र लिखने बैठे है । गोपालानंद स्वामी का तथा महाराज का बड़ा गहरा सम्बन्धथा । यह बात सभी जानते । ''योगी पूर्वजन्मना जेने वहाला सगाथे वहाल'' फिर भी अलौकिकलीला करने की इच्छा से गोपालानंद स्वामी भक्तों की विनती पर पत्र लिखने बैठे है । कितने चरित्र महापुरुषों के

अवर्णनीय होते है। गोपालानंद स्वामी की महिमा ऐश्वर्य, प्रताप, प्रभाव, सभी को पता था। इसीलिये भक्त स्वामी के पास आये। उस समय स्वामी वडताल में थे। अपने आसन पर बैठे थे। वर्षा की ऋतु थी। लेकिन वर्षा नहीं हो रही थी। पानी और प्रकाश ये दोनो ठाकुरजी की भेंट है। भगवान की इच्छा से सब होता है।

मद् भयाद् वातिवातोऽयंसूर्यस्तपतिमद् भयात्।
वर्षतीन्द्रो दहत्यग्निः मृत्युश्चरतिमद् भयात्॥

लेकिन समर्थ संत गोपालानंद स्वामी को इच्छा हो तो वरसात कराते थे। यह प्रताप जानकर हरिभक्त वडताल में गोपालानंद स्वामी के पास गये और कहने लगे कि स्वामी ! इस समय सर्वत्र सूखा पड़ गया है - सब फसल सूख रही है। स्वामी ने निश्चित किया कि इस कार्य में तो सभी लोग ईश्वर को भूल जायेंगे। गोपालानंद स्वामीने तुरतं कहा कि आइये महाराज को पत्र लिखते हैं। ऐसा कहकर वे पत्र लिखते हैं। ऐसा कहकर वे पत्र लिखने लगते हैं। काशीदास भक्त को वह पत्र देकर कहते हैं कि जाकर गढडा में महाराज को देना। भक्त गढडा पहुंचा। महाराज सभा में विराजमान थे। भगवान को प्रणाम करके पत्र चरण में रख दिया। महाराज ने पत्र पढा। बाद में कहे कि चलिये घेला में स्नान करने। सभी को बडा आश्चर्य हुआ। सभी कहने लगे, महाराज घेला में एक बूंद ब्यानी नहीं है। कहाँ स्नान करेंगे। सभी को संशय हो गया। महाराज ने सभी को आज्ञा की इसलिये सभी तैयार हो गये। संत-हरिभक्त सभी साथ चल दिये। सभी घेला के किनारे खडे रहे इतने में इतने जोरोंसे वरसात हुआ कि सभी भीग गये, महाराज की छत्र भी टूट गया। घेला दोनो किनारों से बहने लगी।

गोपालानंद स्वामी का पत्र वांचने के बाद पत्र को स्वीकार करके अलौकिक लीला किये। नदी में पानी तो आया लेकिन तुरंत का पानी होने से गंदा है, इसमें स्नान नहीं कर सकते, इन्द्रने स्नान करा दिया।

सज्जनो ! समर्थ गुरु की शरण में नहीं भाग्य का कोई जोश, भाग देखो जगत के जीव के उन में है नरक के दोष मनुष्य के जीवन में चाहे कितना भी सुख-दुःख लिखा हो, लेकिन गोपालानंद स्वामी जैसे संत के पास जाने से उसके सभी दुःख दूर हो जाते है। भगवान तक प्रार्थना पहुंचाने का कार्य संत पुरुष करते हैं। सच्चे संत भगवान की पहचान कराते हैं। भगवान के साथ जोड़ने का कार्य करते हैं। जिसके हृदय में परमात्मा बिराजमान हो ऐसे समर्थ संत ही तार सकते है। परंतु यह सब कुछ भगवान ही करते हैं। भगवान की ईच्छा से होता है। यह मानकर भगवान की भजन करनी चाहिये। भगवान ऐसे भक्त की मनोकामना पूर्ण करते है।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के ४१ वे प्रागट्योत्सव प्रसंग के उपलक्ष्य में श्री नरनारायणदेव युवक मडंल द्वारा श्री स्वामिनारायण अंक के आजीवन सदस्य

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का ४१ वें प्रागट्योत्सव के उपलक्ष्य में श्री स्वामिनारायण मासिक आजीवन ११४१ सदस्य बनाये जायेगें, जिस में कुछ सदस्य बन चुके है। जिस के प्रेरक स.गु.स्वा. देवप्रकाशदासजी, स.गु. स्वा. पी.पी. स्वामी - नारायणघाट के महंत तथा स्वा. जे.के स्वामी (कोठारी अमदावाद) थे।

४१	सदस्य बनाने वाले प.भ. चन्द्रशभाई जशुभाई पटेल (आकरुंद-बायड)
११४	सदस्य बनाने वाले श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, विसनगर।
१०४	सदस्य बनाने वाले श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, बापुनगर।
१४	सदस्य बनाने वाले श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, नारायणघाट।
२७	सदस्य बनाने वाले श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, साबरमती।

अंक के सदस्य बनाने का कार्यक्रम गाँव-गाँव, शहर-शहर में चल रहा है।

श्री स्वामिनारायण मंदिर विल्सडन-लंडन श्री घनश्याम महाराज का रजत जयंती महोत्सव ।

॥ શ્રી સ્વામિનારાયણો વિજયતેતરામ્ ॥

અમદાવાદ શ્રી નરનારાયણદેવ પીઠાધિપતિ
પ.પૂ.ધ.ધુ. ૧૦૦૮ આચાર્ય શ્રી કોશલેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રીની આજ્ઞાથી
શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર (આઈ.એસ.એસ.ઓ.) - મેરીલેન્ડ ડી.સી. એરીયા

Shree Swaminarayan Temple - Maryland - D.C. Area (I.S.S.O.)

Kalupur Dham

મૂર્તિ પ્રતિષ્ઠા મહોત્સવ

શ્રીમદ્ ભાગવત સપ્તાહ જ્ઞાનયજ્ઞ

:: Start ::
26 Aug. 2013
Monday

:: Conclude ::
1 Sept. 2013
Sunday

International Swaminarayan Satsang Organization
(Under Shree Narnarayan Dev Gadi - Ahmedabad)

Shree Swaminarayan Temple

Maryland D.C. Area 115 COCKEYS MILL ROAD
REISTERSTOWN MD 21136
Temple Phone - (410) 526-1008
Email. : issomddc@gmail.com

સર્વાવતારી ભગવાનશ્રી સ્વામિનારાયણ ની અસીમકૃપાથી તથા અમદાવાદ શ્રી નરનારાયણદેવ પીઠાધિપતિ પ.પૂ.ધ.ધુ. ૧૦૦૮ આચાર્ય મહારાજ શ્રી કોશલેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રી તથા પ.પૂ.અ.સૌ. ગાદીવાળાશ્રીના શુભાશિર્વાદ અને પ.પૂ. મોટા આચાર્ય શ્રી તેજેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રી તથા પ.પૂ.અ.સૌ. મોટા ગાદીવાળાશ્રી તથા પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી વ્રજેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રી ના સંકલ્પ, પ્રેરણા થકી તથા સમગ્ર સંત સમાજનાં હૃદયાત્મક આશીર્વાદથી મેરીલેન્ડ - ડી.સી. ઈન્ટરનેશનલ શ્રી સ્વામિનારાયણ સત્સંગ ઓર્ગેનાઈઝેશન (ઈ.જી.જી.) દ્વારા નવનિર્મિત શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિરમાં શ્રી ઘનશ્યામ મહારાજ, શ્રી રાધાકૃષ્ણદેવ, શ્રી નરનારાયણદેવ, શ્રી લક્ષ્મીનારાયણદેવ, શ્રી રામ લક્ષ્મણ જાનકી, શ્રી સૂર્યનારાયણદેવ, શ્રી શિવ પાર્વતીજી તથા શ્રી ગણપતિજી અને શ્રી હનુમાનજીની મૂર્તિ પ્રાણ પ્રતિષ્ઠા શાસ્ત્રોક્ત મંત્રોચ્ચાર સાથે શ્રી હરિના સાતમાં વંશજ પ.પૂ.ધ.ધુ. ૧૦૦૮ આચાર્ય મહારાજ શ્રી કોશલેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રીના શુભ વરદ્ હસ્તે સંવત ૨૦૬૯ શ્રાવણ વદ-૬ ને તા. ૨૬ ઓગસ્ટ ૨૦૧૩, સોમવાર ના રોજ થી શ્રાવણ વદ-૧૧ તા. ૧ સપ્ટેમ્બર ૨૦૧૩, રવિવાર સુધી નિર્ધારિલ છે. આ પ્રસંગે શ્રીમદ્ ભાગવત સપ્તાહ જ્ઞાનયજ્ઞનું આયોજન કરેલ છે. જેની વ્યાસપીઠે વક્તા ભાગવતાચાર્ય શ્રી યોગેન્દ્રભાઈ ભટ્ટ (પીજવાળા) બિરાજી તેમની અમૃતવાણીનું રસપાન કરાવશે. આ પ્રસંગે પ.પૂ.ધ.ધુ. આચાર્ય મહારાજશ્રી સંત મંડળ સહિત પધારશે. આ પ્રસંગે દેશ-વિદેશના સત્સંગીઓના સહિયારા યોગદાન થી સાકાર થયેલ આ મંદિરમાં મૂર્તિ પ્રતિષ્ઠાના સ્મરણીય પ્રસંગે આપ સૌને સહપરિવાર મિત્ર મંડળ સહિત પધારવા ભાવભીનું આમંત્રણ પાઠવીએ છીએ.

લી.

ટેમ્પલ કમિટિ તથા સમસ્ત સત્સંગ સમાજ

શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર - મેરીલેન્ડ - ડી.સી., એરીયા

મંગલ કાર્યક્રમની રૂપરેખા

26 August 2013, Monday

પોથીયાત્રા :- 4-00 pm to 5-00 pm ※ કથા :- 5-00 pm to 7-00 pm

27 August 2013, Tuesday

※ કથા :- 5-00 pm to 7-00 pm

28 August 2013, Wednesday

કથા :- 5-00 pm to 7-00 pm ※ શ્રી કૃષ્ણ જન્મોત્સવ :- 12-00 pm

29 August 2013, Thursday

※ કથા :- 5-00 pm to 7-00 pm

30 August 2013, Friday

※ યજ્ઞ પ્રારંભ :- 8-30 am

કથા :- 5-00 pm to 7-00 pm ※ શ્રી રૂકમણી વિવાહ :- 7-00 pm to 8-00 pm

31 August 2013, Saturday

કથા	:- 9-00 am to 11-00 am
મુખ્ય પ્રવેશદ્વાર ઉદ્ઘાટન	:- 4-30 pm
કથા	:- 5-00 pm to 7-00 pm
શોભાયાત્રા	:- 3-30 pm, Dunkin Donuts, 48 Main Street, Reisterstow MD થી નિકળી 4-30 pm મંદિર પહોંચશે.

01 September 2013, Sunday

મૂર્તિ પ્રતિષ્ઠા તથા અભિષેક	:- ૮-૦૦ કલ	પ્રાસંગિક સભા	:- 10-30 am
વિષ્ણુયાગ પૂર્ણાહુતિ	:- 9-30 am	અન્નકુટ આરતી	:- 12-00 pm
કથા પૂર્ણાહુતિ	:- 10-00 am	મહાપ્રસાદ	:- 1-00 pm

નોંધ :- દરરોજ કથા બાદ મહાપ્રસાદની વ્યવસ્થા રાખેલ છે.

भक्तिसुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से "परमात्मा की भक्ति किस तरह करनी चाहिए" एटलान्टा (आई.एस.एस.ओ. मंदिर- यु.एस.ए.)

(संकलन : राजेश्रीबहन उ. पटेल तथा रागेश्रीबहन डी. पटेल - एटलान्टा)

हम सत्संग तथा भक्ति में परोपकार की भावना रखकर मान-अभिमान का त्याग कर सत्संग करेंगे तो निश्चित ही जन्म-मरण के बन्धन से मुक्ति मिलजायेगी।

प्रिय भक्तो ! श्रीजी महाराज बहुत दयालु है। यह पृथ्वी मोक्ष का साधन है। यहाँ सभी को जन्म देकर मोक्ष का द्वार खोल दिया है। इसलिये हमें निष्कामभाव से निष्ठापूर्वक कर्म करके तीन साधनो से (कर्म, ज्ञान, भक्ति) भक्ति करनी चाहिए। यदि यह निष्काम भाव से की जाय तो भगवान के सुख की प्राप्ति अवश्य होगी।

भगवान की मूर्ति को हृदय में धारण करके, भगवानने जो धर्म मर्यादा स्थापित किया है उसमें निश्चय करके दर्शन की अखंड स्मृति रखकर जब तक शरीर है तब तक उसका पालन करते रहने से निश्चित उसका कल्याण होगा । देवता लोग भी इस धरती पर जन्मधारण करने की इच्छा करते हैं। इसका कारण यह है कि उत्तम कर्म करने का आधार पृथ्वी है, अन्यत्र कहीं नहीं।

जीव के कल्याण के लिये तीन अंग बताया गया है, वही सुख का कारण है। प्रथम तो यह कि आत्मनिष्ठा से परमेश्वर की भजन करनी चाहिये। दूसरा - पतिव्रता स्त्री की तरह भगवान में पति के भाव से भजन करना, तीसरा - दासपना जिस तरह उद्धवजी एवं हनुमानजी दास भाव से भजन करते थे उस तरह से भजन करना चाहिए। इसके अलांवा मोक्ष का कोई अन्य उपाय नहीं है। चाहे मनुष्य जितना भी ज्ञानी हो धर्म या विवेक न होतो उसके अन्त समय में वह काम नही आता। जो विवेकी मनुष्य हैं वे गमनागमन के चक्कर को समझते है वे परमात्मा की प्राप्रित के लिये निरन्तर सतर्क होकर सत्संग करते रहते हैं। इसलिये वे प्रभु की शरणागति स्वीकार करके भवसागर पार कर जाते हैं।

संसार में रहकर पवित्रता कैसे जीवन में मिले उसके लिये इन्द्रियों की पवित्रता मुख्य हैं। जिस में आंखो से अच्छा देखना, कान से अच्छा सुनना, नाक से अच्छी सुगंधलेना, मुख से अच्छा बोलना, इस तरह सभी ईन्द्रियो पर संयम रखकर वर्तन करना चाहिये और हर परिस्थिति में प्रसन्न रहना चाहिए। कुसंगी सुखी हो, सत्संगी दुःखी रहे - इसी तरह प्रभु सम्पति दें तो अच्छा न दे तो भी अच्छा भगवान जैसा रखे उसी में प्रसन्न रखना चाहिए। श्रीजी महाराज तो ज्ञान तथा गुणों के सागर है। उनकी शरण में जायेंगे तो सभी सुख मिलेगा और सभी मनोरथ पूर्ण होंगे, खराब बुद्धि दूर होगी, अच्छी बुद्धि आयेगी। प्रभु को समक्ष रखेंगे तो चारो तरफ प्रकाश दिखाई देगा । भजन-भक्ति से जन्मजन्मातर के पाप कटेंगे और दुःख दूर होंगे। अक्षरधाम की प्राप्ति होगी।

भवान हमें जिस परिस्थिति में रखते है उसी में अच्छा संकेत दिखाई देता है। इसलिये श्रीजी महाराज के चरण में ऐसी प्रार्थना करनी चाहिए कि हे प्रभु आपकी भजन-भक्ति या सत्संग में जो बाधारुप हैं उनसे हमारी रक्षा करें, जिससे हम आपकी शरणागति में आगे बढते रहें। श्रीजी महाराज पृथ्वी पर मनुष्य रुप देकर हम सभी की परीक्षा की है। उसमें पास होने के लिये सदा भगवान की भक्ति करते रहना चाहिए। शिक्षापत्री २०६

श्लोक में बताया गया है कि हमारे आश्रित पुरुष या स्त्री हों, सभी शिक्षापत्री के अनुसार वर्तन करेंगे तो धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होगी। इसके अलांवा क्षमा करना, भूलजाना, दिल विशाल रखना, दूसरे के पास अपेक्षा नहीं रखना, मान-संमान से दूर रहना इत्यादि का सदा ध्यान रखने वाला गृहस्थी सदा सुखी होता है। गृहस्थियों को एक विशेष नियम बताये है कि एक निश्चित समय पर ५ मिनट बैठकर प्रभु का ध्यान करना, शारीरिक क्रिया करे, भक्ति करे, कुटुम्ब में एक संप के साथ रहे, बालकों को सत्संग की तरफ प्रेरित करे, प्रभु भजन करावे, मा-बाप की सेवा करे, इत्यादि से जीवन से सुख - शान्ति मिलेगी। भगवान के चरणों में प्रार्थना करते हुए रात-दिन भगवान की भजन भक्ति करनी चाहिए।

इस पृथ्वी पर अपना जन्म हुआ इसमें आकर भक्ति का योग कर लेना चाहिए। यह धरती ही स्वर्ग को देने वाली है, मोक्ष को देने वाली है। पुण्य-सुख सभी भगवान के चरण में समाया हुआ है।

संसार के सुख प्राप्त करने की चाहना वाले छोटे से बड़े सभी सत्संगियो के गुण को ग्रहण करें। इससे महाराज प्रसन्न होंगे। इस तरह के आशीर्वाद देते हुये कहीं कि एक पुरुष को भक्ति करने वाली पत्नी मिली तो पतिके साथ सारा परिवार भक्त हो गया। दूसरे की पत्नी वैराग्यवाली मिली तो पति को संसार का सुख नही मिला, तीसरे की पत्नी झगडालूं मिली तो घर का सारावातावरण नर्क हो गया। प्रत्येक परिस्थितियों में समान भाव आवे ऐसी भगवान के चरणों में प्रार्थना करनी चाहिए। सुख-दुःख तो भगवान इसलिये देते है कि आप सावधान होकर जीव के कल्याण हेतु भजन-भक्ति में मन लगे।

अन्त में कीर्तन गाकर - वाणी द्वारा भगवान को अंतर में उतारकर, सन्ध्या आरती करके सभी बहनें महाप्रसाद लेकर धन्यता का अनुभव कीं। इस तरह बड़ी संख्या में बहने सत्संग का लाभ लेती रहें ऐसा सभी को आशीर्वाद दी थी।

•

सुख तथा दुःख

- सां.यो. कोकिलाबा (सुरेन्द्रनगर)

दिन और रात की तरह सुख और दुःख जीवन में आते रहते है। इसलिये सुख में संयम रखना चाहिये। दुःख में धैर्य रखना चाहिए। ''सबदिन होत न एक समान'' सुख-दुःख तो आता रहता है। आज भले ही दुःख का दावानल सुलग रहा हो कल निश्चित ही सुख-शान्ति की शीतल वर्षा होगी। दूसरे के से देखकर सुखी होना, दूसरे के दुःख को देखकर दुःखी होना, इससे बड़ा कोई दूसरा सुख नही है। जो दूसरों की सुखी करना चाहता है उससे बड़ा कोई सुख नही है। परम कृपालु परमात्मा जिस स्थिति में रखें उसी में संतोष मानने वाले जैसा कोई सुखी अन्य नहीं है।

''भौतिक सुखनी भ्रमता ओमां जीव चढ्यो चकडोले ।

सांसारिक सुखना हिंडोले तनने रोज हिंचोडे ॥

भक्ति ही जीवन का पाथेय है। इसलिये आत्मानंद प्राप्ति के लिये निरंतर भगवत् पारायण होकर महापुरुषार्थ करना चाहिये। अधिक खाने की अपेक्षा जितना भोजन पच जाय उतना खाने से शरीर पुष्ट होता है। इसी तरह बहुत कमाने से नहीं बल्कि थोड़ा बचाने से समृद्धि होती है।

भौतिक सुख प्राप्त करके मनुष्य अपना शाश्वत सुख गुमा देता है। जिस सुख में अभिमान मिलता है वह भी सुख को खत्म कर देता है। जिस तरह सम्पत्ति में बढत होने लगती है उसी तरह अन्दर की गरीबी बढने लगती है। स्वयं को तृप्ति का अनुभव नहीं होता असंतोष ही दिखाई देता है। स्थूल सम्पत्ति कदापि सुख-शांति नहीं दे सकती। सुख का संबंध- साधन, सामग्री, सम्पत्ति के साथ जितना है उससे कहीं अधिक मन के विचारों से है। तन,

मन, धन से कोई भाग्य शाली ही सुखी होता है । गीताकार ने नरक के तीन द्वारा बताये हैं । प्रथम काम दूसरा क्रोध, तीसरा लोभ ! शांति जीवन के लिये मोर मुकुट है। शांत एवं स्थिर चित्त द्वारा ही अखंड आनंद की अनुभूति होती है । कईबार आपत्ति भी आशीर्वाद रुप होती है।

''आवे प्राणी एकलो, जाय एकलो आप ।
साथ पुत्र-परिवार नहि साथ पुण्यने पाप ॥

सच्चा सुख पुत्र - परिवार में नहीं है, सच्चा सुख खाने पीने में नहीं है खिलाने में है । सच्चा सुख तो भगवान की भक्ति में है, भगवान की शरणागति में है। कर्तव्य पालन, धर्मपालन, त्याग, दान, सेवा तथा भगवान की शरण में है । परमात्मा सुख-शांति के अगाधसागर है उनमें तन्मय होने से सुख-शांति का प्रवाह बह पड़ता है। लाखो स्त्री-पुरुष चिंता में डूबे हुए दिखाई देते है। सुख-शांति के लिये मन में तथा शरीर से परेशान होकर इधर उधर भटकते रहते हैं । कारण यह कि जहाँ जो नहीं है वहाँ उसे खोजने का प्रयास करता है। इसीलिये सच्चा सुख नहीं मिलता। सच्चा सुख प्राप्त करने के लिये मनुष्य के हृदय में विराजमान परमात्मा हैं । व्यक्ति के भीतर विद्यमान जो परमातमा है उन्हें नही खोजता इधर-उधर भटकता रहता है । सच्चा सुख भगवान की शरणागति में है, सत्पुरुषों के संबंन्धमें है। परमात्मा के साथ ऐक्य रखने से सच्चा सुख मिलता है।

